निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,

मानपुर पूरब, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

Phone no-05946-297051 Fax-05946-297050 E-mail: directorsocialwelfare@gmail.com Website: www.socialwelfare.uk.gov.in

पत्र संख्या: 2830 / स०क० / शिविर / 2019-20 दिनांक 21 नवम्बर 2019

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी गढ़वाल, पौढ़ी गढ़वाल,
नैनीताल एवं अल्मोड़ा।

विषयः-सैनिक कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर आयोजित जागरूकता शिविरों के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक कर्नल विजय सिंह थापा, उप निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या 3012 / कल्याण / सै.क.-3 दिनांक 17 अक्टूबर 2019 के द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तराखण्ड के सैनिक परिवारों को विभिन्न राजकीय योजनाओं की जागरूकता हेतु निम्नानुसार तिथियों में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा शिविरों का आयोजन किया गया है। उनके द्वारा इन शिविरों में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिभाग करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए जानकारी प्रदान करने का अनुरोध किया गया है-

क.सं.	शिविर में सम्मिलित जनपद	जनपद का नाम जहाँ शिविर आयोजित किया जा रहा है	शिविर की तिथि
1	चमोली एवं रूद्रप्रयाग	चमोली	04.12.2019
2	पिथौरागढ़ एवं चम्पावत	पिथौरागढ़	18.12.2019
3	टिहरी एवं उत्तरकाशी	टिहरी	28.12.2019
4	पौड़ी एवं लैंसडाउन	लैंसडाउन	06.01.2020
5	नैनीताल एवं उधमसिंहनगर	नैनीताल	15.01.2020
6	अल्मोड़ा एवं बागेश्वर	अल्मोड़ा	27.01.2020

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद स्तर पर आयोजित शिविरों में स्वयं उपस्थित रहकर विभागीय स्टाल एवं प्रचार शिविर स्थापित करते हुए विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें, साथ ही तद्दिवस कृत कार्यवाही की सूचना भी इस कार्यालय को उपलब्ध करायें।

संलग्न-यथोक्त।

(विनोद गोस्वामी)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या: / उपरोक्तानुसार / तददिनांक

प्रतिलिपि- प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर सचिव, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निदेशक, सैनिक कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।

निदेशक